(3) UV and Gamma rays are mutagens
(4) Change in a single base pair of DNA does not cause mutation

68. A test cross is carried out to :

(1) determine the genotype of a plant at $F_2$.
(2) predict whether two traits are linked.
(3) assess the number of alleles of a gene.
(4) determine whether two species or varieties will breed successfully.

65. अपनी कार्यशीलता के लिए कार्बोक्सिपेप्टिडेज को किस की आवश्यकता होती है ?

(1) जस्ता
(2) लोहा
(3) निएसिन
(4) ताँबा

66. निम्नलिखित में से कौन सी एक संरचना अंगक के भीतर अंगक होती है ?

(1) राइबोसोम
(2) पेरोक्सीसोम
(3) ER
(4) मीज़ोसोम

67. उत्परिवर्तनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन गलत है ?

(1) बेस जोड़ों के विलोपन तथा निवेशन होने से फ्रेम-शिफ्ट उत्परिवर्तन होते हैं।
(2) कैन्सर कोशिकाओं में साधारणत: गुण सूत्रों में विपथगमन हुआ देखा जाता है।
(3) UV तथा गामा किरणें उत्परिवर्तजनी होती हैं।
(4) DNA के अकेले एक ही बेस जोड़े में परिवर्तन होने से उत्परिवर्तन नहीं होता है।

68. परीक्षार्थ संकरण किस लिये किया जाता है ?

(1) एक पौधे का $F_2$ पर जीन प्रारूप निर्धारित करने के लिए।
(2) पूर्वघोषणा करने के लिए कि दो ट्रेट्स (विशेषक) सहलग्न हैं या नहीं।
(3) किसी जीन के ऐलीलों की संख्या निर्धारित करने के लिए।
(4) यह निर्धारित करने के लिए कि दो प्रजातियाँ या उपजातियाँ सफलतापूर्वक प्रजनन करेंगी या नहीं।

69. Read the following four statements (A - D) :

(A) In transcription, adenosine pairs with uracil.

(B) Regulation of *lac* operon by repressor is referred to as positive regulation.

(C) The human genome has approximately 50,000 genes.

(D) Haemophilia is a sex-linked recessive disease.

How many of the above statements are **right** ?

(1) Two
(2) Three
(3) Four
(4) One

70. Which one of the following organisms is **correctly** matched with its three characteristics ?

(1) Pea : $C_3$ pathway, Endospermic seed, Vexillary aestivation
(2) Tomato : Twisted aestivation, Axile placentation, Berry
(3) Onion : Bulb, Imbricate aestivation, Axile placentation
(4) Maize : $C_3$ pathway, Closed vascular bundles, Scutellum

71. How many plants in the list given below have marginal placentation ?

Mustard, Gram, Tulip, Asparagus, Arhar, Sun hemp, Chilli, Colchicine, Onion, Moong, Pea, Tobacco, Lupin

(1) Four
(2) Five
(3) Six
(4) Three

69. निम्नलिखित चार कथनों (A - D) को पढ़िए :

(A) ट्रान्सक्रिप्शन (अनुलेखन) में एडीनोसीन यूरैसिल के साथ जोड़ा बनाता है।

(B) रिप्रैसर द्वारा *lac* आपेरॉन के नियमन को धनात्मक नियमन कहते हैं।

(C) मानव जीनोम में लगभग 50, 000 जीन होते हैं।

(D) हीमोफ़ीलीया एक लिंग-सहलग्न अप्रभावी रोग है।

उपरोक्त कथनों में कितने कथन **सही** हैं ?

(1) दो
(2) तीन
(3) चार
(4) एक

70. निम्नलिखित में से किस एक जीव को उसकी तीन विशिष्टताओं के साथ **सही** मिलाया गया है ?

(1) मटर : $C_3$ पथमार्ग, भ्रूणपोषीय बीज, वैक्सिलरी दल विन्यास
(2) टमाटर : व्यावर्तित दल विन्यास, स्तंभीय बीजान्डन्यास, बेरी
(3) प्याज़ : बल्ब, कोरछादी दल विन्यास, स्तंभीय बीजान्डन्यास
(4) मक्का : $C_3$ पथमार्ग, बंद संवहन पूल, स्कुटेलम

71. नीचे दी गई सूची में से कितने पौधों में सीमान्त बीजांडन्यास होता है ?

सरसों, चना, ट्युलिप, ऐसपैरेगस, अरहर, सनई, मिर्च, कोल्चिसीन, प्याज़, मूँग, मटर, तम्बाकू, ल्यूपिन

(1) चार
(2) पाँच
(3) छः
(4) तीन

72. Read the following four statements (A - D) :

(A) Both, photophosphorylation and oxidative phosphorylation involve uphill transport of protons across the membrane.

(B) In dicot stems, a new cambium originates from cells of pericycle at the time of secondary growth.

(C) Stamens in flowers of *Gloriosa* and *Petunia* are polyandrous.

(D) Symbiotic nitrogen-fixers occur in free-living state also in soil.

How many of the above statements are **right** ?

(1) Two
(2) Three
(3) Four
(4) One

72. निम्नलिखित चार कथनों (A - D) को पढ़िए :

(A) फ़ोटोफ़ॉस्फोरिलेशन तथा ऑक्सीडेटिव फॉस्फोरिलेशन, दोनों में कला के आर पार प्रोटोनों का श्रमसाध्य अभिगमन होता है।

(B) द्वी बीजपत्री तनों में नई ऐधा, द्वितीयक वृद्धि के समय परिरंभ की कोशिकाओं से बनती है।

(C) *ग्लोरीओसा* तथा *पीटूनिया* के पुष्पों में पुंकेसर पृथक होते हैं।

(D) सहजीवी नाइट्रोजन योगिकीकारक मृदा में स्वतंत्र अवस्था में भी पाये जाते हैं।

उपरोक्त कथनों में कितने कथन **सही** है ?

(1) दो
(2) तीन
(3) चार
(4) एक

73. Through their effect on plant growth regulators, what do the temperature and light control in the plants ?

(1) Apical dominance
(2) Flowering
(3) Closure of stomata
(4) Fruit elongation

73. पादप वृद्धि नियंत्रकों को प्रभावित करके, तापमान तथा प्रकाश पौधों में क्या नियंत्रित करते हैं ?

(1) शीर्षस्थ प्रभाविता
(2) पुष्पन
(3) रंध्रों का बंद होना
(4) फलों का दीर्घीकरण

74. Which one of the following generally acts as an antagonist to gibberellins ?

(1) Zeatin
(2) Ethylene
(3) ABA
(4) IAA

74. निम्नलिखित में से वह कौन सा एक है जो जिबैरैलिनों का एक विरोधी के रूप में कार्य करता है ?

(1) ज़ीयेटिन
(2) एथीलीन
(3) ABA
(4) IAA

75. As compared to a dicot root, a monocot root has :

(1) More abundant secondary xylem

(2) Many xylem bundles

(3) Inconspicuous annual rings

(4) Relatively thicker periderm

76. For its action, nitrogenase requires :

(1) High input of energy

(2) Light

(3) $Mn^{2+}$

(4) Super oxygen radicals

77. Vernalisation stimulates flowering in :

(1) Zamikand

(2) Turmeric

(3) Carrot

(4) Ginger

78. What is the function of germ pore ?

(1) Emergence of radicle

(2) Absorption of water for seed germination

(3) Initiation of pollen tube

(4) Release of male gametes

75. द्विबीजपत्री मूल की तुलना में, एकबीजपत्री मूल में क्या पाया जाता है ?

(1) द्वितीयक दारू की अधिक प्रचुरता

(2) बहुत सारे दारू पूल

(3) अस्पष्ट वार्षिक वलय

(4) अपेक्षाकृत मोटी परिचर्म

76. नाइट्रोजिनेज़ की क्रिया के लिए उसे किसकी आवश्यकता होती है ?

(1) ऊर्जा का उच्च निवेश

(2) प्रकाश

(3) $Mn^{2+}$

(4) परम ऑक्सीजन रैडिकल्स

77. बासन्तीकरण द्वारा पुष्पन किसमें उत्प्रेरित होता है ?

(1) ज़मीकन्द

(2) हल्दी

(3) गाजर

(4) अदरक

78. जनन-छिद्र का क्या कार्य होता है ?

(1) मूलाँकुर का निकलना

(2) बीजाँकुरण हेतु जल का अवशोषण

(3) पराग नलिका का प्रवर्तन

(4) नर युग्मकों का बाहर आने देना

79. Which one of the following statements is **wrong** ?

(1) When pollen is shed at two-celled stage, double fertilization does not take place.

(2) Vegetative cell is larger than generative cell.

(3) Pollen grains in some plants remain viable for months.

(4) Intine is made up of cellulose and pectin.

80. Plants with ovaries having only one or a few ovules, are generally pollinated by :

(1) Bees

(2) Butterflies

(3) Birds

(4) Wind

81. Sacred groves are specially useful in :

(1) generating environmental awareness

(2) preventing soil erosion

(3) year-round flow of water in rivers

(4) conserving rare and threatened species

82. The rate of formation of new organic matter by rabbit in a grassland, is called :

(1) Net productivity

(2) Secondary productivity

(3) Net primary productivity

(4) Gross primary productivity

79. निम्नलिखित में कौन सा एक कथन **गलत** है ?

(1) जब पराग दो-कोशिका अवस्था में झड़ता है तो दोहरा-निषेचन नहीं हो पाता।

(2) वर्धी कोशिका, जनन कोशिका से अधिक बड़ी होती है।

(3) कुछ पौधों में पराग कण कई-कई माह तक जीवनक्षम बने रहते हैं।

(4) अंत:चोल सेल्यूलोज़ तथा पैक्टिन का बना होता है।

80. उन पौधों में जिनके अँडाशयों में केवल एक या कुछ थोड़े से ही बीजान्ड पाये जाते हैं, परागण साधारणतया किसके द्वारा होता है ?

(1) मधुमक्खियां

(2) तितलियाँ

(3) पक्षी गण

(4) वायु

81. पवित्र उपवन विशेषतया किस सन्दर्भ में उपयोगी होते हैं ?

(1) पर्यावरणीय जागरूकता पैदा करना।

(2) मृदा अपरदन को रोकना।

(3) नदियों में वर्ष-पर्यन्त पानी का प्रवाह।

(4) दुर्लभ तथा संकटापन्न प्रजातियों का संरक्षण।

82. किसी घास स्थल में खरगोश द्वारा नये जैविक पदार्थ के बनने की दर को क्या कहते हैं ?

(1) शुद्ध उत्पादकता

(2) द्वितीयक उत्पादकता

(3) शुद्ध प्राथमिक उत्पादकता

(4) सकल प्राथमिक उत्पादकता

83. *Cuscuta* is an example of :

(1) Ectoparasitism

(2) Brood parasitism

(3) Predation

(4) Endoparasitism

84. The second stage of hydrosere is occupied by plants like :

(1) *Azolla*

(2) *Typha*

(3) *Salix*

(4) *Vallisneria*

85. Green revolution in India occurred during :

(1) 1960's

(2) 1970's

(3) 1980's

(4) 1950's

86. In gobar gas, the maximum amount is that of :

(1) Butane

(2) Methane

(3) Propane

(4) Carbon dioxide

83. अमरबेल ( *कस्कुटा*) किस एक का उदाहरण है :

(1) बाह्य परजीविता

(2) प्रजनन परजीविता

(3) परभक्षण

(4) अन्त: परजीविता

84. जलारंभी अनुक्रमण की दूसरी अवस्था में इस प्रकार के पौधे प्रकट होते हैं, जैसे कि :

(1) *ऐज़ोला*

(2) *टाइफ़ा*

(3) *सैलिक्स*

(4) *वैलिसनेरिया*

85. भारत में हरित क्रांति किस दौरान हुई थी ?

(1) 1960 के दशक में

(2) 1970 के दशक में

(3) 1980 के दशक में

(4) 1950 के दशक में

86. गोबर गैस में सबसे अधिक मात्रा किसकी होती है ?

(1) ब्यूटेन

(2) मीथेन

(3) प्रोपेन

(4) कार्बन डाइऑक्साइड

87. Read the following four statements (A - D) :

(A) Colostrum is recommended for the new born because it is rich in antigens.

(B) Chikengunya is caused by a Gram negative bacterium.

(C) Tissue culture has proved useful in obtaining virus-free plants.

(D) Beer is manufactured by distillation of fermented grape juice.

How many of the above statements are **wrong** ?

(1) Two

(2) Three

(3) Four

(4) One

88. Tobacco plants resistant to a nematode have been developed by the introduction of DNA that produced (in the host cells).

(1) both sense and anti-sense RNA

(2) a particular hormone

(3) an antifeedant

(4) a toxic protein

89. Biolistics (gene-gun) is suitable for :

(1) Disarming pathogen vectors

(2) Transformation of plant cells

(3) Constructing recombinant DNA by joining with vectors

(4) DNA finger printing

87. निम्नलिखित चार कथनों (A - D) को पढ़िये :

(A) नवजात शिशु को कोलॉस्ट्रम (नवस्तन्य) इस लिए पिलाया जाना चाहिए क्योंकि उसमें ऐन्टीजन प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं।

(B) चिकनगुनिया एक ग्राम-निगेटिव जीवाणु के द्वारा होता है।

(C) ऊतक संवर्धन वायरस-रहित पौधे प्राप्त करने में लाभदायक सिद्ध हुआ है।

(D) बीयर का उत्पादन किण्वित अंगूर रस के आसवन द्वारा किया जाता है।

उपरोक्त कथनों में कितने कथन **गलत** हैं ?

(1) दो

(2) तीन

(3) चार

(4) एक

88. तम्बाकू के सूत्रकृमि-प्रतिरोधी पौधों के बनाने में DNA प्रवेश कराया गया जिससे (परपोषी कोशिकाओं के भीतर) किसका बनना संभव हुआ ?

(1) अर्थ तथा प्रति-अर्थ दोनों प्रकार का RNA

(2) एक विशिष्ट हार्मोन

(3) एक एन्टीफ़ीडैन्ट (प्रतिभोज्य)

(4) एक विषाक्त प्रोटीन

89. बायोलिस्टिक्स (जीन गोलाबारी) किसके लिए उपयुक्त है ?

(1) रोगजनक संवाहकों को निष्क्रिय करना।

(2) पादप कोशिकाओं का रूपान्तरण।

(3) संवाहकों के साथ जोड़कर पुनर्योगज DNA का बनाना।

(4) DNA फिंगर प्रिंटिंग।

84, 86



90. In genetic engineering, the antibiotics are used :

(1) as selectable markers

(2) to select healthy vectors

(3) as sequences from where replication starts

(4) to keep the cultures free of infection

91. Which one of the following pairs of animals are similar to each other pertaining to the feature stated against them ?

(1) *Pteropus* and *Ornithorhyncus* - Viviparity

(2) Garden lizard and Crocodile - Three chambered heart

(3) *Ascaris* and *Ancylostoma* - Metameric segmentation

(4) Sea horse and Flying fish - Cold blooded (poikilothermal)

92. Which one of the following categories of animals, is correctly described with no **single exception in it** ?

(1) All reptiles possess scales, have a three chambered heart and are cold blooded (poikilothermal)

(2) All bony fishes have four pairs of gills and an operculum on each side.

(3) All sponges are marine and have collared cells.

(4) All mammals are viviparous and possess diaphragm for breathing

90. आनुवंशिक इन्जीनियरिंग में ऐन्टीबायोटिक्स का उपयोग किस लिए किया जाता है ?

(1) वरण योग्य चिन्हकों के रूप में।

(2) स्वस्थ संवाहकों के चुनने में।

(3) ऐसे अनुक्रमणों के रूप में जहाँ से प्रतिकृतियन प्रारंभ होता है।

(4) संवर्धों को संक्रमण-रहित बनाए रखना।

91. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े के दोनों प्राणी उनके आगे दिये गये पहलू के विषय में एक-दूसरे के समान हैं ?

(1) *टेरोपस* तथा *ऑर्निथोरिंकस* - सजीवप्रजता

(2) उद्यान छिपकली (गिरगट) तथा मगरमच्छ - तीन कक्षीय हृदय

(3) *ऐस्कैरिस* तथा *ऐंकाइलोस्टोमा* - विखंडी खंडीभवन

(4) समुद्री घोड़ा तथा उड़न मछली - शीतरक्तीय (असमतापी)

92. निम्नलिखित में से प्राणियों की वह कौन सी एक श्रेणी है जिसे **बिना एक भी अपवाद के**, सही वर्णन किया गया है ?

(1) सभी सरीसृपों में शल्क होते हैं, तीन कक्षीय हृदय होता है तथा वे शीतरक्तीय (असमतापी) होते हैं।

(2) सभी अस्थिल मछलियों में चार जोडी क्लोम तथा दोनों ओर एक-एक प्रच्छद होता है।

(3) सभी स्पंज समुद्री होते हैं एवं उनमें कॉलरयुक्त कोशिकाएं होती हैं।

(4) सभी स्तनी शिशुप्रज होते हैं तथा उनमें श्वास लेने के लिए एक डायाफ्राम (मध्यपट) होता है।

93. Which one of the following organisms is **scientifically correctly named, correctly printed** according to the International Rules of Nomenclature and **correctly described** ?

(1) *Musca domestica* - The common house lizard, a reptile

(2) *Plasmodium falciparum* - A protozoan pathogen causing the most serious type of malaria

(3) *Felis tigris* - The Indian tiger, well protected in Gir forests.

(4) *E.coli* - Full name *Entamoeba coli*, a commonly occurring bacterium in human intestine

94. Which one of the following cellular parts is **correctly** described ?

(1) Thylakoids - flattened membranous sacs forming the grana of chloroplasts

(2) Centrioles - sites for active RNA synthesis

(3) Ribosomes - those on chloroplasts are larger (80s) while those in the cytoplasm are smaller (70s)

(4) Lysosomes - optimally active at a pH of about 8.5

93. निम्नलिखित में से किस एक जीव का **सही वैज्ञानिक नाम**, जो नामकरण के अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार **सही छापा गया** है तथा जिसका **सही वर्णन** भी किया गया है, कौन सा है ?

(1) *Musca domestica* - सामान्य घरेलू छिपकली, एक सरीसृप

(2) *Plasmodium falciparum* - एक प्रोटोज़ोअन रोगजनक जिससे सर्वाधिक गंभीर प्रकार का मलेरिया होता है।

(3) *Felis tigris* - भारतीय बाघ, गीर जंगलों में भली भांति सुरक्षित

(4) *E.coli* - पूरा नाम *Entamoeba coli*, मानव अंतड़ियों में सामान्यत: पाया जाने वाला एक जीवाणु

94. निम्नलिखित में से कौन से एक कोशिकीय भाग का **सही** वर्णन किया गया है ?

(1) थाइलैकॉइड्स - चपटे झिल्लीदार थैले जो परस्पर मिलकर क्लोरोप्लास्टों के ग्रैना बनाते हैं।

(2) सेंट्रियोल्स (तारक केंद्र) - सक्रिय RNA संश्लेषण के स्थान

(3) राइबोसोम्स - क्लोरोप्लास्टों पर होने वाले बड़े (80s) के तथा साइटोप्लाज़्म में होने वाले छोटे (70s) के होते हैं।

(4) लाइसोसोम्स - लगभग 8.5 pH पर सर्वोत्तमत: सक्रिय

95. Identify the meiotic stage in which the homologous chromosomes separate while the sister chromatids remain associated at their centromeres :

(1) Metaphase I

(2) Metaphase II

(3) Anaphase I

(4) Anaphase II

96. Which one of the following biomolecules is **correctly** characterised ?

(1) Lecithin - a phosphorylated glyceride found in cell membrane

(2) Palmitic acid - an unsaturated fatty acid with 18 carbon atoms

(3) Adenylic acid - adenosine with a glucose phosphate molecule

(4) Alanine amino acid - Contains an amino group and an acidic group anywhere in the molecule

97. The idea of mutations was brought forth by :

(1) **Hugo do Vries**, who worked on evening primrose

(2) **Gregor Mendel**, who worked on *Pisum sativum*

(3) **Hardy Weinberg**, who worked on allele frequencies in a population

(4) **Charles Darwin**, who observed a wide variety of organisms during sea voyage

95. वह कौन सी अर्धसूत्रण अवस्था होती है जिसमें समजात क्रोमोसोम (गुणसूत्र) एक दूसरे से पृथक हो जाते हैं जब कि संतति क्रोमैटिड्स (अर्ध-गुणसूत्र) अपने गुणसूत्र बिंदुओं (सेंट्रोमीयर्स) से जुड़े रहते हैं :

(1) मध्यावस्था I

(2) मध्यावस्था II

(3) पश्चावस्था I

(4) पश्चावस्था II

96. निम्नलिखित में से किस एक जैवअणु की **सही** विशिष्टता दी गयी है ?

(1) लेसिथिन - कोशिका झिल्ली में पाया जाने वाला एक फ़ॉस्फ़ोरिलित ग्लीसेराइड

(2) पामिटिक अम्ल - एक असंतृप्त वसा अम्ल जिसमें 18 कार्बन परमाणु होते हैं।

(3) ऐडेनिलिक अम्ल - ऐडेनोसीन जिसके साथ एक ग्लूकोज़ फ़ॉस्फ़ेट अणु लगा होता है।

(4) ऐलैनीन ऐमीनो अम्ल - इसमें एक ऐमीनो समूह होता है तथा अणु के भीतर कहीं भी एक अम्लीय समूह होता है।

97. म्यूटेशन्स (उत्परिवर्तनों) की विचारधारा को किसने प्रस्तुत किया था ?

(1) **ह्यूगो ड व्रीज़**, जिसने सायंकालीन प्रिमरोज़ पर काम किया था।

(2) **ग्रेगर मेंडल**, जिसने *पाइसम सेटाइवम* पर काम किया था।

(3) **हार्डी-वीनबर्ग**, जिन्होंने समष्टि के भीतर ऐलील बारंबारता पर कार्य किया था।

(4) **चार्ल्स डार्विन**, जिसने अपनी समुद्र यात्रा के दौरान जीवों की भारी विविधता देखी थी।

98. What is it that forms the basis of DNA Fingerprinting ?


(1) The relative proportions of purines and pyrimidines in DNA

(2) The relative difference in the DNA occurrence in blood, skin and saliva

(3) The relative amount of DNA in the ridges and grooves of the fingerprints.

(4) Satellite DNA occurring as highly repeated short DNA segments

99. Represented below is the inheritance pattern of a certain type of traits in humans. Which one of the following conditions could be an example of this pattern ?




(1) Phenylketonuria

(2) Sickle cell anaemia

(3) Haemophilia

(4) Thalassemia

98. वह क्या चीज़ है जो DNA फ़िंगरप्रिंटिंग का आधार होती है ?


(1) DNA में मौजूद प्यूरीनों तथा पाइरिमिडीनों के आपेक्षिक अनुपात

(2) रक्त, त्वचा तथा लार में विद्यमान DNA का आपेक्षिक अंतर

(3) अंगुलि छापों में कटकों तथा खांचों में DNA की अनुपातिक मात्रा

(4) अनुषंगी DNA जो अति पुनरावर्तित होते हुए लघु DNA खण्डों के रूप में होता पाया जाता है।

99. नीचे दिये जा रहे आरेखीय निरूपण में मानवों में पाये जाने वाले एक खास प्रकार के विशेषकों (ट्रेटों) का वंशागति प्रतिरूप दर्शाया गया है। बताइए कि निम्नलिखित में से कौन सी एक दशा है जो इसी प्रतिरूप का एक उदाहरण हो सकती है ?





(1) फ़ीनाइलकीटोन्यूरिया

(2) दात्री कोशिका अरक्तता

(3) हीमोफ़िलिया

(4) थैलेसीमिया

**100.** Given below is the diagrammatic sketch of a certain type of connective tissue. Identify the parts labelled A, B, C and D, and select the right option about them.





**Options :**

| | Part - A | Part - B | Part - C | Part - D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | Macro-phage | Fibroblast | Collagen fibres | Mast cell |
| (2) | Mast cell | Macro-phage | Fibroblast | Collagen fibres |
| (3) | Macro-phage | Collagen fibres | Fibroblast | Mast cell |
| (4) | Mast cell | Collagen fibres | Fibroblast | Macro-phage |

**101.** Which one of the following options gives the **correct** categorisation of six animals according to the type of nitrogenous wastes (A, B, C), they give out ?

| | A AMMONOTELIC | B UREOTELIC | C URICOTELIC |
|---|---|---|---|
| (1) | Pigeon, Humans | Aquatic Amphibia, Lizards | Cockroach, Frog |
| (2) | Frog, Lizards | Aquatic Amphibia, Humans | Cockroach, Pigeon |
| (3) | Aquatic Amphibia | Frog, Humans | Pigeon, Lizards, Cockroach |
| (4) | Aquatic Amphibia | Cockroach, Humans | Frog, Pigeon, Lizards |

**100.** नीचे दिये जा रहे एक आरेखीय चित्र में एक विशिष्ट प्रकार का संयोजी ऊतक दिखाया गया है। इसमें A, B, C तथा D नामांकित भाग क्या-क्या हैं, इस विषय में सही विकल्प चुनिए।




**विकल्प :**

| | भाग -A | भाग - B | भाग - C | भाग - D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | बृहदभक्षकाणु | तंतुकोरक | कोलैजेन रेशे | मास्ट कोशिका |
| (2) | मास्ट कोशिका | बृहदभक्षकाणु | तंतुकोरक | कोलैजेन रेशे |
| (3) | बृहदभक्षकाणु | कोलैजेन रेशे | तंतुकोरक | मास्ट कोशिका |
| (4) | मास्ट कोशिका | कोलैजेन रेशे | तंतुकोरक | बृहदभक्षकाणु |

**101.** निम्नलिखित में से किस एक विकल्प में छः प्राणियों को उनके अपने-अपने प्रकार के निकाले जाने वाले नाइट्रोजनी अपशिष्ट (A, B, C) के अनुसार **सही-सही** श्रेणी में रखा गया है ?

| | A अमोनिया उत्सर्जी | B यूरिया उत्सर्जी | C यूरिक अम्ल उत्सर्जी |
|---|---|---|---|
| (1) | कबूतर, मानव | जलीय ऐम्फ़ीबिया, छिपकलियां | काकरोच, मेंढक |
| (2) | मेंढक, छिपकलियां | जलीय ऐम्फ़ीबिया, मानव | काकरोच, कबूतर |
| (3) | जलीय ऐम्फ़ीबिया | मेंढक, मानव | कबूतर, छिपकलियां, काकरोच |
| (4) | जलीय ऐम्फ़ीबिया | काकरोच, मानव | मेंढक, कबूतर, छिपकलियां |

102. Where do certain symbiotic microorganisms normally occur in human body ?

(1) Caecum

(2) Oral lining and tongue surface

(3) Vermiform appendix and rectum

(4) Duodenum

102. मानव शरीर में कुछ खास सहजीवी सूक्ष्मजीव सामान्यत: कहां होते पाये जाते हैं ?

(1) अंधनाल (सीकम) में

(2) मुख गुहा के अस्तर तथा जीभ की सतह पर

(3) कृमिरूप परिशेषिका तथा मलाशय में

(4) ग्रहणी (डुओडीनम) में

103. Which one of the following pairs of chemical substances, is **correctly** categorised ?

(1) Calcitonin and thymosin - Thyroid hormones

(2) Pepsin and prolactin - Two digestive enzymes secreted in stomach

(3) Troponin and myosin - Complex proteins in striated muscles

(4) Secretin and rhodopsin - Polypeptide hormones

103. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े के रासायनिक पदार्थों को **सही** श्रेणीगत किया गया है ?

(1) कैल्सिटोनिन तथा थाइमोसिन - थाइरॉइड (अवटुग्रंथी) के हार्मोन

(2) पेप्सिन तथा प्रोलैक्टिन - आमाशय में स्रावित होने वाले दो पाचन एंज़ाइम

(3) ट्रोपोनिन तथा मायोसिन - रेखित पेशियों में पाये जाने वाले सम्मिश्र प्रोटीन

(4) सेक्रैटिन तथा रोडोप्सिन - पौलीपेप्टाइड हार्मोन्स

104. The supportive skeletal structures in the human external ears and in the nose tip are examples of :

(1) ligament

(2) areolar tissue

(3) bone

(4) cartilage

104. मानवों के बाहरी कानों तथा नाक के अगले छोर की आलम्बी कंकाली संरचनाएं किसके उदाहरण हैं ?


(1) स्नायु

(2) वायवीय ऊतक


(3) अस्थि

(4) उपास्थि

105. The four sketches (A, B, C and D) given below, represent four different types of animal tissues. Which one of these is correctly identified in the options given, along with its correct location and function ?

(A) 

(B) 


(C) 


(D) 


| | | Tissue | Location | Function |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (B) | Glandular epithelium | Intestine | Secretion |
| (2) | (C) | Collagen fibres | Cartilage | Attach skeletal muscles to bones |
| (3) | (D) | Smooth muscle tissue | Heart | Heart contraction |
| (4) | (A) | Columnar epithelium | Nephron | Secretion and absorption |

105. नीचे दिये गए चार चित्रों (A, B, C तथा D) में, चार प्रकार के प्राणी ऊतक दिखाए गए हैं। इनमें से किस एक को नीचे दिये गए विकल्पों में से सही पहचाना गया एवं उसके पाये जाने का स्थान तथा कार्य भी सही दिये गए हैं ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

| | | ऊतक | पाये जाने का स्थान | कार्य |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (B) | ग्रंथिल उपकला | आंत्र | स्रवण |
| (2) | (C) | कोलैजेन रेशे | उपास्थि | कंकालीय पेशियों को हड्डियों के साथ जोड़ते हैं। |
| (3) | (D) | चिकनी पेशी ऊतक | हृदय | हृदय संकुचन |
| (4) | (A) | स्तम्भाकार उपकला | नेफ्रॉन | स्रवण एवं अवशोषण |

**106.** A fall in glomerular filtration rate (GFR) activates :

(1) juxta glomerular cells to release renin

(2) adrenal cortex to release aldosterone

(3) adrenal medulla to release adrenaline

(4) posterior pituitary to release vasopressin

**107.** Which one of the following characteristics is common both in humans and adult frogs ?


(1) Four - chambered heart

(2) Internal fertilisation

(3) Nucleated RBCs

(4) Ureotelic mode of excretion

**108.** Identify the human developmental stage shown below as well as the related right place of its occurrence in a normal pregnant woman, and select the right option for the two together.



**Options :**

| | Developmental stage | Site of occurrence |
|---|---|---|
| (1) | Late morula | Middle part of Fallopian tube |
| (2) | Blastula | End part of Fallopian tube |
| (3) | Blastocyst | Uterine wall |
| (4) | 8 - celled morula | Starting point of Fallopian tube |

**106.** गुच्छीय निस्यंदन दर (GFR) में गिरावट आने पर किसका सक्रियकरण होता है ?

(1) गुच्छीय आसन्न कोशिकाओं का ताकि उनसे रेनिन निकले

(2) ऐड्रीनल कॉर्टेक्स (अधिवृक्क वल्कुट) का ताकि उससे आल्डोस्टेरोन निकले

(3) ऐड्रीनल मेडुला (अधिवृक्क मध्यांश) का ताकि उससे ऐड्रीनलीन निकले

(4) पश्च पिट्यूटरी (पीयूष) का ताकि उससे वैसोप्रेसिन निकले

**107.** निम्नलिखित में से वह कौन सा एक लक्षण है जो मानवों तथा वयस्क मेंढकों, दोनों में समान पाया जाता है ?


(1) चार-कक्षीय हृदय

(2) आंतरिक निषेचन

(3) केंद्रकित लाल रक्त कोशिकाएं

(4) यूरिया उत्सर्गी विधि का उत्सर्जन

**108.** नीचे दिखायी गयी मानव परिवर्धन अवस्था की पहचान करते हुए एवं साथ ही साथ एक सामान्य गर्भवती स्त्री में वह अवस्था कहां पायी जाती है, इन दोनों को एक साथ किस एक विकल्प में सही दिया गया है ?



**विकल्प :**

| | परिवर्धन अवस्था | पाये जाने का स्थान |
|---|---|---|
| (1) | बाद का मौरूला (तूतक) | फ़ैलोपी नलिका के मध्य भाग में |
| (2) | ब्लास्टुला (कोरक) | फ़ैलोपी नलिका के अंतिम भाग में |
| (3) | ब्लास्टोसिस्ट (कोरकपुटी) | गर्भाशय भित्ति में |
| (4) | 8 - कोशिकीय मैरूला (तूतक) | फ़ैलोपी नलिका के आरंभ बिंदु पर |

109. Which one of the following human organs is often called the "graveyard" of RBCs ?

(1) Gall bladder
(2) Kidney
(3) Spleen
(4) Liver

110. The secretory phase in the human menstrual cycle is also called :

(1) luteal phase and lasts for about 6 days
(2) follicular phase lasting for about 6 days
(3) luteal phase and lasts for about 13 days
(4) follicular phase and lasts for about 13 days

111. Select the **correct** statement about biodiversity :

(1) The desert areas of Rajasthan and Gujarat have a very high level of desert animal species as well as numerous rare animals.
(2) Large scale planting of Bt cotton has no adverse effect on biodiversity.
(3) Western Ghats have a very high degree of species richness and endemism.
(4) Conservation of biodiversity is just a fad pursued by the developed countries.

109. निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव अंग है जिसे प्राय: लाल रक्त कणिकाओं का ''कब्रिस्तान'' कहा जाता है ?

(1) पित्ताशय
(2) वृक्क (गुर्दा)
(3) प्लीहा (तिल्ली)
(4) यकृत (जिगर)

110. मानव आर्तव-चक्र में पायी जाने वाली स्रवण प्रावस्था को एक यह नाम भी दिया जाता है, एवं वह कितने दिनों तक रहती है ?

(1) पीतपिंड प्रावस्था, लगभग 6 दिन तक
(2) पुटक प्रावस्था, लगभग 6 दिन तक
(3) पीतपिंड प्रावस्था, लगभग 13 दिन तक
(4) पुटक प्रावस्था, लगभग 13 दिन तक

111. जैवविविधता के विषय में **सही** कथन चुनिए :

(1) राजस्थान तथा गुजरात के मरुस्थल क्षेत्रों में रेगिस्तानी प्राणी स्पीशीज़ की भरमार है और साथ ही साथ वहां अनेक विरल प्राणी भी पाये जाते हैं।
(2) Bt कपास के बड़े व्यापक स्तर पर उगाये जाने से, जैवविविधता पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ता।
(3) पश्चिमी घाटों पर बहुत उच्च स्तरीय स्पीशीज़ सम्पन्नता और साथ ही साथ स्थानिकता पायी जाती है।
(4) जैवविविधता का संरक्षण विकसित देशों की मात्र एक सनक है।

112. The domestic sewage in large cities :

(1) has a high BOD as it contains both aerobic and anaerobic bacteria

(2) is processed by aerobic and then anaerobic bacteria in the secondary treatment in Sewage Treatment Plants (STPs)

(3) When treated in STPs does not really require the aeration step as the sewage contains adequate oxygen.

(4) has very high amounts of suspended solids and dissolved salts

113. Which one of the following sets of items in the options 1 - 4 are correctly categorised with one exception in it ?

| | ITEMS | CATEGORY | EXCEPTION |
|---|---|---|---|
| (1) | UAA, UAG, UGA | Stop codons | UAG |
| (2) | Kangaroo, Koala, Wombat | Australian marsupials | Wombat |
| (3) | *Plasmodium, Cuscuta, Trypanosoma* | Protozoan parasites | *Cuscuta* |
| (4) | Typhoid, Pneumonia, Diphtheria | Bacterial diseases | Diphtheria |

112. बड़े शहरों में घरेलू मलजल :

(1) में उच्च BOD होती है क्योंकि इसमें वायवीय तथा अवायवीय दोनों प्रकार के बैक्टीरिया होते हैं।

(2) का, मलजल उपचार संयंत्रों (STPs) में द्वितीयक उपचार में, पहले तो वायवीय बैक्टीरिया द्वारा तथा उसके बाद अवायवीय बैक्टीरिया द्वारा प्रक्रमण कराया जाता है।


(3) को STPs में उपचारित करने पर वास्तव में वायवन चरण की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि मलजल में पर्याप्त ऑक्सीजन होती है।

(4) में निलंबित ठोस एवं घुले लवणों की बहुत अधिक मात्रा होता है।

113. निम्नलिखित चार विकल्पों (1 - 4) में से किस एक विकल्प में दिये गये मदों को, एक अपवाद होते हुए सही श्रेणी में रखा गया है ?

| | मद | श्रेणी | अपवाद |
|---|---|---|---|
| (1) | UAA, UAG, UGA | रोध प्रकूट | UAG |
| (2) | कंगारू, कोआला, वाम्बेट | आस्ट्रेलियाई मार्सुपियल प्राणी | वाम्बेट |
| (3) | *प्लाज़्मोडियम, कस्क्यूटा, ट्रिप्रैनोसोमा* | प्रोटोज़ोअन परजीवी | *कस्क्यूटा* |
| (4) | टायफ़ाइड, निमोनिया, डिफथीरिया | जीवाणु रोग | डिफथीरिया |

114. Identify the likely organisms (a), (b), (c) and (d) in the food web shown below :




**Options :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | deer | rabbit | frog | rat |
| (2) | dog | squirrel | bat | deer |
| (3) | rat | dog | tortoise | crow |
| (4) | squirrel | cat | rat | pigeon |

115. Consider the following four statements (a-d) and select the option which includes all the correct ones only.

(a) Single cell *Spirulina* can produce large quantities of food rich in protein, minerals, vitamins etc.

(b) Body weight-wise the microorganism *Methylophilus methylotrophus* may be able to produce several times more proteins than the cows per day

(c) Common button mushrooms are a very rich source of vitamin C

(d) A rice variety has been developed which is very rich in calcium.

**Options :**


(1) Statements (c), (d)

(2) Statements (a), (c) and (d)

(3) Statements (b), (c) and (d)

(4) Statements (a), (b)

114. नीचे दिखाये जा रहे खाद्य जाल में (a), (b), (c) तथा (d) जीवधारी क्या हो सकते हैं, पहचानिए :




**विकल्प :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | हिरन | खरगोश | मेंढक | चूहा |
| (2) | कुत्ता | गिलहरी | चिमगादड़ | हिरन |
| (3) | चूहा | कुत्ता | कछुआ | कौआ |
| (4) | गिलहरी | बिल्ली | चूहा | कबूतर |

115. निम्नलिखित चार कथनों (a-d) पर विचार कीजिए और केवल सभी सही कथनों वाला एक विकल्प चुनिए :

(a) एक कोशिकीय *स्पाइरुलाइना* प्रोटीन, खनिजों, विटामिनों आदि से भरपूर भोजन का बड़ी मात्रा में उत्पादन कर सकता है।

(b) देह-भार की दृष्टि से सूक्ष्मजीव *मिथाइलोफिलस मीथाइलोट्रोफस* प्रतिदिन उससे कई गुना ज्यादा प्रोटीन बना सकता है जितना गायें बना पाती हैं।

(c) सामान्य बटन मशरूम (खुमियाँ) विटामिन C का एक बहुत अच्छा स्रोत हैं।

(d) एक ऐसी चावल किस्म विकसित की गयी है जिसमें कैल्सियम बहुत होता है।

**विकल्प :**

(1) कथन (c), (d)


(2) कथन (a), (c) और (d)

(3) कथन (b), (c) और (d)


(4) कथन (a), (b)

**116.** Identify the molecules (a) and (b) shown below and select the right option giving their source and use.

(a)



(b)




**Options :**


| | Molecule | Source | Use |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) Cocaine | *Erythroxylum coca* | Accelerates the transport of dopamine |
| (2) | (b) Heroin | *Cannabis sativa* | Depressant and slows down body functions |
| (3) | (b) Cannabinoid | *Atropa belladona* | Produces hallucinations |
| (4) | (a) Morphine | *Papaver somniferum* | Sedative and pain killer |

**116.** नीचे दिखाये जा रहे अणुओं (a) तथा (b) को पहचानिए तथा उनके स्रोत एवं उपयोग के विषय में सही विकल्प चुनिए।

(a)



(b)



**विकल्प :**

| | अणु | स्रोत | उपयोग |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) कोकेन | *एरिथ्रोज़ायलम कोका* | डोपैमीन के परिवहन को तीव्रतर बना देती है। |
| (2) | (b) हेरोइन | *कैनेबिस सैटाइवा* | शामक तथा देह कार्यों को धीमा करती है। |
| (3) | (b) कैनेबिनॉइड | *ऐट्रोपा बेलाडोना* | विभ्रम पैदा करता है। |
| (4) | (a) मॉर्फ़ीन | *पैपेवर सोम्नीफ़ेरम* | शामक तथा पीड़ानाशक |

117. Which one of the following statements is correct with respect to immunity ?


(1) Preformed antibodies need to be injected to treat the bite by a viper snake

(2) The antibodies against small pox pathogen are produced by T - lymphocytes

(3) Antibodies are protein molecules, each of which has four light chains

(4) Rejection of a kidney graft is the function of B-lymphocytes

118. The figure below shows three steps (A,B,C) of Polymerase Chain Reaction (PCR). Select the option giving correct identification together with what it represents ?




Options :

(1) B - Denaturation at a temperature of about 98°C separating the two DNA strands.

(2) A - Denaturation at a temperature of about 50°C

(3) C - Extension in the presence of heat stable DNA polymerase

(4) A - Annealing with two sets of primers

117. प्रतिरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही है ?


(1) वाइपर (घोणस) सांप के काटे के उपचार में पूर्व-निर्मित ऐंटीबॉडीज़ (प्रतिपिंडों) का इंजेक्शन दिया जाना ज़रूरी है।

(2) चेचक के रोगजनक के प्रति ऐंटीबाडीज़ (प्रतिपिंडों) का उत्पादन T - लसीकाणुओं से होता है।

(3) प्रतिपिंड (ऐंटीबाडीज़) प्रोटीन अणु होते हैं, जिनमें प्रत्येक में चार-चार हल्की शृंखलाएं होती हैं।

(4) वृक्क रोपण की अस्वीकृति होना B-लसीकाणुओं का कार्य है।

118. नीचे दिये जा रहे चित्र में पौलीमरेज़ चेन रीऐक्शन (PCR) के तीन चरण (A, B, C) दिखाये गए हैं। निम्नलिखित में से किस एक विकल्प में एक चरण का निरूपण सही पहचाना गया है ?




विकल्प :

(1) B - लगभग 98°C के तापमान पर विकृतन जिससे दो DNA रज्जुक पृथक हो गये।

(2) A - लगभग 50°C के तापमान पर विकृतन

(3) C - तापस्थायी DNA पौलीमरेज़ की उपस्थिति में विस्तारण

(4) A - प्राइमरों के दो सेटों के साथ ऐनीलन

**119.** The first clinical gene therapy was given for treating :

(1) Diabetes mellitus

(2) Chicken pox

(3) Rheumatoid arthritis

(4) Adenosine deaminase deficiency

**120.** Which one of the following represents a palindromic sequence in DNA ?

(1) 5′ - GAATTC - 3′
3′ - CTTAAG - 5′

(2) 5′ - CCAATG - 3′
3′ - GAATCC - 5′

(3) 5′ - CATTAG - 3′
3′ - GATAAC - 5′

(4) 5′ - GATACC - 3′
3′ - CCTAAG - 5′

- o 0 o -

**119.** सबसे पहली नैदानिक जीन चिकित्सा किसके उपचार के लिए दी गयी थी ?

(1) मधुमेह

(2) छोटी माता

(3) रूमेटी गठिया

(4) ऐडीनोसीन डीऐमीनेज़ अल्पता

**120.** निम्नलिखित में से किस एक में DNA के भीतर विलोमानुक्रमी अनुक्रम दर्शाया गया है ?

(1) 5′ - GAATTC - 3′
3′ - CTTAAG - 5′

(2) 5′ - CCAATG - 3′
3′ - GAATCC - 5′

(3) 5′ - CATTAG - 3′
3′ - GATAAC - 5′

(4) 5′ - GATACC - 3′
3′ - CCTAAG - 5′

- o 0 o -

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**